संख्या: 1:05:138:I:CS

दिनांक: 12.12.2025

| | |
|---|---|
| **National Stock Exchange of India Limited,**<br>Listing Department, Exchange Plaza,<br>Bandra – Kurla Complex, Bandra (E)<br>MUMBAI – 400 051.<br><br>**नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड,**<br>लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा,<br>बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), **मुंबई-400 051** | **BSE Limited,**<br>Department of Corporate Services,<br>Floor – 25, PJ Towers, Dalal Street,<br>MUMBAI – 400 001.<br><br>**बीएसई लिमिटेड,**<br>कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25,<br>पी .जे .टावर्स, दलाल स्ट्रीट, **मुंबई-400 001** |

**विषय: विषय: केपीएस III एचवीडीसी ट्रांसमिशन लिमिटेड (पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) (पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) का हस्तांतरण।**

महोदया/महोदय,

यह सूचित किया जाता है कि पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) की निम्नलिखित पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी को 11 दिसंबर, 2025 को सफल बोलीदाता, अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड को हस्तांतरित कर दिया गया है:

केपीएस III एचवीडीसी ट्रांसमिशन लिमिटेड की स्थापना 'फेज-V (8GW): पार्ट सी के तहत गुजरात के खावड़ा क्षेत्र में संभावित नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से बिजली की निकासी के लिए पारेषण प्रणाली' के विकास के लिए की गई है।

उक्त लेनदेन से संबंधित विवरण निम्नानुसार हैं:-

| **क्र. सं.** | **विवरण** | **ब्यौरा**<br>**केपीएस III एचवीडीसी ट्रांसमिशन लिमिटेड** |
|---|---|---|
| 1. | पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान सूचीबद्ध इकाई के टर्नओवर या राजस्व या आय और नेटवर्थ में ऐसी इकाई या प्रभाग द्वारा दिया गया योगदान (राशि और प्रतिशत में)। | नगण्य |
| 2. | बिक्री के लिए समझौता किए जाने की तिथि। | उक्त एसपीवी की सफल बोलीदाता को बिक्री और हस्तांतरण की प्रक्रिया 12.12.2025 को पूरी हो चुकी है। |
| 3. | बिक्री/निस्तारण के पूरा होने की अपेक्षित तिथि। | |
| 4. | ऐसी बिक्री/निस्तारण से प्राप्त प्रतिफल | शेयर खरीद समझौते के अनुसार ₹20,32,54,965/- । |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | खरीदार का संक्षिप्त विवरण और क्या खरीदार प्रवर्तक/ प्रवर्तक समूह/ समूह कंपनियों से संबंधित हैं। यदि हाँ, तो उसका विवरण। | सफल बोलीदाता का नाम:<br>**अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड**<br><br>यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि ऊपर उल्लिखित सफल बोलीदाता), प्रवर्तक और प्रवर्तक समूह से संबंधित नहीं है। |
| 6. | क्या यह लेनदेन संबंधित पक्ष लेनदेन के दायरे में आता है? यदि हाँ, तो क्या यह "आर्म्स लेंथ" के आधार पर किया गया है। | यह लेनदेन संबंधित पक्ष लेनदेन के दायरे में नहीं आता है। |
| 7. | क्या यह लेनदेन 'स्लंप सेल' की प्रकृति का है। | पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी की सफल बोलीदाता को बिक्री और हस्तांतरण का प्रस्ताव, जैसा कि ऊपर बिंदु संख्या 5 में विवरण दिया गया है, 'स्लंप सेल' की प्रकृति का नहीं है।<br><br>इसके अलावा, एसपीवी की बिक्री और हस्तांतरण के प्रतिफल का निर्धारण भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाता है |

यह आपकी जानकारी और प्रसार हेतु प्रस्तुत है।

धन्यवाद।

**भवदीय,**
**कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

**(मनीष कुमार अग्रवाल)**
**कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी**
mk_agarwal@pfcindia.com